लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

PARLIAMENTARIANS PAY TRIBUTES TO MARTYRS ON ANNIVERSARY OF TERRORIST ATTACK ON PARLIAMENT

New Delhi, 13 December 2019: Vice-President and Chairman, Rajya Sabha Shri M. Venkaiah Naidu; Prime Minister Shri Narendra Modi and Lok Sabha Speaker Shri Om Birla led the nation today in paying tributes to the Martyrs who laid down their lives while defending the Parliament from the terrorist attack on 13 December 2001.

Union Minister for Home Affairs Shri Amit Shah; Union Minister of Social Justice and Empowerment Shri Thaawar Chand Gehlot; Union Minister of Parliamentary Affairs, Coal & Mines Shri Pralhad Joshi; former Prime Minister Dr. Manmohan Singh; Leader of Opposition (Rajya Sabha) Shri Ghulam Nabi Azad; Deputy Chairman Rajya Sabha, Shri Harivansh; Interim President, Indian National Congress, Smt. Sonia Gandhi; and Shri Rahul Gandhi, Member of Parliament (Lok Sabha) also paid floral tributes.

Among others who paid tributes were several Union Ministers, Members of Parliament, former Members of Parliament and other dignitaries. The Secretaries-General of Lok Sabha and Rajya Sabha, Smt. Snehlata Shrivastava and Shri Desh Deepak Verma, respectively, also paid tributes.

A blood donation camp was organized at Parliament House on the occasion by the Indian Red Cross Society.

It may be recalled that it was on this day in the year 2001 that Shri Jagdish Prasad Yadav and Shri Matbar Singh Negi, both Security Assistants of Rajya Sabha Secretariat; Smt. Kamlesh Kumari, Constable, CRPF; Shri Nanak Chand and Shri Rampal, Assistant Sub-Inspectors, Delhi Police; Shri Om Prakash, Shri Bijender Singh and Shri Ghanshyam, Head Constables, Delhi Police; and Shri Deshraj, Gardener, CPWD, had sacrificed their lives while defending the Parliament against the terrorist attack.

In recognition of their selfless sacrifices, *Sarvashri* Jagdish Prasad Yadav, Matbar Singh Negi and Smt. Kamlesh Kumari were posthumously awarded the Ashok Chakra. *Sarvashri* Nanak Chand, Rampal, Om Prakash, Bijender Singh and Ghanshyam were posthumously awarded the Kirti Chakra.

संसद सदस्यों ने संसद पर आतंकवादी हमले की बरसी के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर, 2019 : उप-राष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, श्री एम. वेंकैया नायडू; प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के नेतृत्व में आज राष्ट्र ने 13 दिसम्बर, 2001 को आतंकवादी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी ।

केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री अमित शाह; केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, श्री थावर चंद गहलोत; केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री, श्री प्रह्लाद जोशी; पूर्व प्रधान मंत्री, डा. मनमोहन सिंह; राज्य सभा में विपक्ष के नेता, श्री गुलाम नबी आजाद; राज्य सभा के उप सभापति, श्री हरिवंश; भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अन्तरिम अध्यक्ष, श्रीमती सोनिया गांधी और संसद सदस्य (लोक सभा), श्री राहुल गांधी ने भी इन शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

श्रद्धांजलि देने वाले अन्य व्यक्तियों में अनेक केन्द्रीय मंत्री; संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्य तथा अन्य विशिष्टजन भी शामिल थे । लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्य सभा के महासचिव, श्री देश दीपक वर्मा ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा संसद भवन में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।

स्मरणीय है कि वर्ष 2001 में इसी दिन राज्य सभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक, श्री जगदीश प्रसाद यादव और श्री मातबर सिंह नेगी; के.रि.पु.ब. में कांस्टेबल, श्रीमती कमलेश कुमारी; दिल्ली पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक, श्री नानक चन्द और श्री रामपाल; दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल, श्री ओम प्रकाश, श्री बिजेन्द्र सिंह और श्री घनश्याम; तथा के.लो.नि.वि. में माली, श्री देशराज ने आतंकवादी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया था ।

सर्वश्री जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी और श्रीमती कमलेश कुमारी के नि:स्वार्थ बलिदान के सम्मान में उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से अलंकृत किया गया था । सर्वश्री नानक चन्द, रामपाल, ओम प्रकाश, बिजेन्द्र सिंह और घनश्याम को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से अलंकृत किया गया था ।